मेरी झोंपड़ी के भाग-श्याम

मेरी झोंपड़ी के भाग, आज खुल जाएँगे,
श्याम आएँगे ॥
*श्याम आएँगे आएँगे, श्याम आएँगे ॥
मेरी झोंपड़ी के भाग, आज खुल जाएँगे,
श्याम आएँगे ॥

श्याम झूलेंगे तो, पालना झुलाऊँगी।
मीठे मीठे मैं, भजन सुनाऊँगी ॥
हो मेरी जिंदगी के ॥, सारे दुःख मिट जाएँगे,
श्याम आएँगे।
मेरी झोंपड़ी के भाग,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

श्याम आएँगे तो, आंगना सजाऊँगी।
दीप जलाके मैं, दिवाली मनाऊँगी ॥
हो मेरे जन्मो के ॥, सारे पाप मिट जाएँगे,
श्याम आएँगे।
मेरी झोंपड़ी के भाग,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

मैं तो रूच रूच, भोग लगाऊँगी।
माखन मिश्री मैं, श्याम को खिलाऊँगी ॥
हो प्यारी प्यारी राधे ॥, प्यारे श्याम संग आएँगे,
श्याम आएँगे।
मेरी झोंपड़ी के भाग,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

मेरा जनम, सफल हो जाएगा।
तन झूमेगा और, मन गीत गाएगा ॥
हो श्याम सुन्दर मेरी ॥, किस्मत चमकाएँगे,
श्याम आएँगे।
मेरी झोंपड़ी के भाग,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

नटखट बँसी वाले, गोकुल के राजा,
मेरी अख्खियाँ, तरस गई अब तो आजा ॥॥
अपलोडर-अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19364/title/meri-jhonpdi-ke-bhag-shyam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |